भारत डायनामिक्स लिमिटेड | BHARAT DYNAMICS LIMITED

गच्ची बावली :: हैदराबाद | GACHIBOWLI :: HYDERABAD

निगमित - मानव संसाधन | CORPORATE-HR

प्रतिभा अर्जन एवं कैरियर विकास | TALENT ACQUISITION & CAREER PROGRESSION

संदर्भ: बीडीएल/ नि.-मा.सं. / (टीए अण्ड सीपी)/ सीई- फील्ड फायरिंग/2026 दिनांक: 31-07-2026

विषय : अधिसूचना - संविदा आधार पर संविदागत इंजीनियर (फील्ड फायरिंग) पदों के भर्ती के संबंधी।

-x-x-x-x-x-

भारत डायनामिक्स लिमिटेड में संविदा आधार पर चार वर्ष की अवधि के लिए (वार्षिक विस्तार के आधार पर) तीन (03) संविदागत इंजीनियर (फील्ड फायरिंग) पदों की भर्ती के लिए ई एम ई कॉर्पोरेशन से जेसीओ/ मास्टर तकनीशियन (जी सी ई)/ तकनीशियन (जी सी ई)/ हवलदार मेजर तकनीकी (जी सी ई) पदों पर सेवानिवृत्त योग्य भूतपूर्व सैनिकों को प्रायोजित करने के लिए निम्नलिखित एजेंसियों को अनुरोध पत्र अग्रेषित किए गए हैं। इनके लिए मासिक पारिश्रमिक निर्धारित है, जो रू. 47,000/- हैं। अधिसूचित पदों की विस्तृत जानकारी के लिए अनुलग्नक - I की क्यू आर देखें।

1) पुनर्वास महानिदेशालय

2) निदेशक, आर्मी प्लेसमेंट नोड, सिकंदराबाद

3) कमांडिंग ऑफिसर, ईएमई डिपो बेटैलियन, सिकंदराबाद

4) जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, पद्मारावनगर, सिकंदराबाद

5) क्षेत्रीय सैनिक कल्याण अधिकारी- हैदराबाद क्षेत्र, हैदराबाद

6) क्षेत्रीय सैनिक कल्याण अधिकारी, रंगा रेड्डी क्षेत्र, हैदराबाद

7) क्षेत्रीय सैनिक कल्याण अधिकारी, मेदक क्षेत्र, संगारेड्डी

8) आर्मी वेलफेयर प्लेसमेंट ऑर्गनाइजेशन (ए डब्ल्यू पी ओ), ए डब्ल्यू पी ओ, सिकंदराबाद

9) आर्मी वेलफेयर प्लेसमेंट ऑर्गनाइजेशन (ए डब्ल्यू पी ओ), दिल्ली कटोनमेंट

2. इच्छुक अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे संलग्न (अनुलग्नक-I) में उल्लिखित पात्रता मानदंड देखें और उपरोक्त किसी भी एजेंसी से संपर्क कर अपना बायो-डेटा फ़ॉर्म दें। अभ्यर्थी विधिवत रूप से भरा हुआ बायो-डेटा फ़ॉर्म, आवश्यक स्व-अधिप्रमाणित प्रमाणपत्र (अपनी उम्र, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव और सेवा आदि से संबंधित) सहित संबंधित एजेंसी को जमा करें।

3. उपरोक्त एजेंसियों से अनुरोध है कि वे अहर्य अभ्यर्थी के विधिवत रूप से भरे हुए बायो-डेटा फ़ॉर्म और सभी आवश्यक स्व-अधिप्रमाणित प्रमाणपत्र सहित डाक या ई-मेल से दि. 21-08-2026 तक भेजें।

4. अभ्यर्थियों से यह भी नोट करने का अनुरोध है कि उचित एजेंसी की ओर से प्रायोजित/ अग्रेषित न होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

31/7/26

(सुरजीत दाश)

व.प्र.,नि.-मा.सं. (प्र.अ. एवं कै.वि.)

संपर्क 040-23456131

**अनुलग्नक - I**

संदर्भ: बीडीएल/नि-मा.सं. (टीए अण्ड सीपी)/सीई- फील्ड फायरिंग/ 2026 दिनांक: 21-07-2026

**संविदागत इंजीनियर (फील्ड फायरिंग) की भर्ती के लिए मांग फॉर्म**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | **कार्यालय, विभाग और पता** | भारत डायनामिक्स लिमिटेड<br>निगम कार्यालय, प्लॉट नं.38-39,<br>टीएसएफसी बिल्डिंग<br>आईसीआईसीआई टावर्स के पास, फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुडा,<br>गच्चीबाउली, हैदराबाद, तेलंगाना - 500032 | |
| 2 | **इंडेंटिंग अधिकारी का नाम और पदनाम** | अपर महाप्रबंधक, नि-मा.सं. (टीए अण्ड सीपी),<br>भारत डायनामिक्स लिमिटेड,<br>निगम कार्यालय, गच्चीबाउली, हैदराबाद, तेलंगाना - 500032 | |
| 3 | **अधिकारी का नाम और पदनाम जिन्हें आवेदन भेजे जाने हैं** | वरिष्ठ प्रबंधक, नि.-मा.सं. (टीए, सीपी और सीएसआर),<br>भारत डायनामिक्स लिमिटेड<br>निगम कार्यालय, प्लॉट नंबर 38-39, टीएसएफसी बिल्डिंग<br>आईसीआईसीआई टावर्स के पास, फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुडा<br>गच्चीबाउली, हैदराबाद, तेलंगाना - 500032<br>दूरभाष 040-23456 116/131/132<br>फैक्स नंबर 040-23456 164 | |
| 4 | **(ए) पद का नाम** | **संविदागत इंजीनियर (फील्ड फायरिंग)** | |
| | **(बी) वेतनमान एवं भत्ते** | निर्धारित मासिक समेकित वेतन | रू. 42,000/- |
| | | आवागमन भत्ता | रू. 4,000/- |
| | | टेलीफोन खर्च | रू. 1,000/- |
| | | कुल देय पारिश्रमिक | रू. 47,000/- |
| | | उपरोक्त समेकित वेतन के अलावा कोई अन्य लाभ देय नहीं होंगे। | |
| | | प्रत्येक अनुबंध वर्ष की सफलतापूर्वक समाप्ति पर निर्धारित मासिक समेकित वेतन में 5% की वृद्धि होगी। | |
| | **(सी) अवकाश** | अनुबंध के प्रत्येक माह के लिए 1½ दिन की छुट्टी। | |
| 5 | **पदों की संख्या** | **3 (तीन)** | |
| 6 | **रोजगार के निबंधन** | चार वर्ष के लिए संविदा आधार पर (वार्षिक विस्तार के आधार पर) | |
| 7 | **तैनाती** | कंपनी की आवश्यकतानुसार अभ्यर्थी को भानूर (संगारेड्डी ज़िला)-तेलंगाना या कंपनी की किसी दूसरी इकाई/कार्यालय में तैनात किया जा सकता है और उन्हें देश में कहीं भी स्थानांतरित किया जा सकता है। | |
| 8 | **आवश्यक योग्यता (अहर्यता)** | | |
| | **(ए) शैक्षणिक योग्यता** | अभ्यर्थी इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में डिप्लोमा या इलेक्ट्रॉनिक्स में आर्मी प्रमाणित कोर्स (GCE) पूरा किया हो। | |
| | **(बी) आयु** | दिनांक 17.07.2026 तक सभी लागू छूटों सहित उम्मीदवार की अधिकतम आयु 55 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। | |
| | **(सी) रैंक** | ई एम ई कॉर्पोरेशन से सेवानिवृत्त कमीशन्ड ऑफिसर/मास्टर तकनीशियन (GCE) / तकनीशियन (GCE)/ हवलदार मेजर तकनीकी (GCE) | |

**अनुलग्नक - I**

संदर्भ: बीडीएल/नि-मा.सं. (टीए अण्ड सीपी)/सीई- फील्ड फायरिंग/ 2026 दिनांक: 21-07-2026

**संविदागत इंजीनियर (फील्ड फायरिंग) की भर्ती के लिए मांग फॉर्म**

| | | |
|---|---|---|
| | **(डी) आवश्यक कार्य-अनुभव** | I. कॉंकूर्स-एम, इनवार और मिलान जैसी एंटी टैंक गाइडेड मिसाइलों की जानकारी इत्यादि। विवरण निम्नानुसार हैं:<br>(i) कॉंकूर्स-एम मिसाइल 9एम113एम:<br>• 9B811M और KMTE टेस्ट पैनल के साथ लोडेड मिसाइल की जाँच।<br>• परिचालन, सार-सँभाल, अनुरक्षण, क्या करें और क्या न करें, संरक्षा आवश्यकताएँ और ट्रबलशूटिंग आदि।<br>(ii) यूनिफाइड लॉन्चर 9P135M<br>• सैद्धांतिक ज्ञान।<br>• 9B812M और KLTE टेस्ट पैनल के साथ लॉन्चर की जाँच।<br>• परिचालन, सार-सँभाल, अनुरक्षण, क्या करें और क्या न करें, संरक्षा आवश्यकताएँ और ट्रबलशूटिंग आदि ।<br>(iii) बीएमपी-II और टी-90 टैंक।<br>• सैद्धांतिक ज्ञान।<br>• परिचालन, सार-सँभाल, अनुरक्षण, क्या करें और क्या न करें, संरक्षा आवश्यकताएँ और ट्रबलशूटिंग आदि ।<br>II. भारत के अलग-अलग फील्ड फायरिंग रेंज में कॉंकूर्स-एम और इनवार मिसाइलों की फील्ड फायरिंग का अनुभव।<br>III. 9B812M और 9B811M टेस्ट पैनल का रखरखाव। |
| | **(ई) वांछनीय** | i. मल्टी मीटर, पावर सप्लाई, ओम मीटर, ऑसिलोस्कोप, मिलियन मेगा ओममीटर, इंसुलेशन स्ट्रेंथ टेस्टर, आदि जैसे विभिन्न सामान्य इलेक्ट्रिकल परीक्षण उपकरण की मरम्मत और रखरखाव की जानकारी।<br>ii. हाई स्पीड कैमरा परिचालन की जानकारी। |
| 9 | **चयन प्रक्रिया** | अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से होगा। बायो-डेटा प्रोफ़ॉर्मा में दी गई जानकारी के अनुसार अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए 1:7 (पद: अभ्यर्थी) के अनुपात में शॉर्ट-लिस्ट किया जाएगा। |